प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत राज्य में लगभग 45 हजार जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगां
- गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंपी–प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर मुख्यसचिव सुधांश पंत ने बैठक लीं
- प्रदेश के पूर्वी इलाको में विभिन्न स्थानों पर आंधी और बारिश–पश्चिमी जिलों में तेज गर्मी और लू के हालातं

..............................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगें मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 121वीं कडी होगीं कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगां इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगां हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इसका प्रसारण होगां

..............................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत राज्य में लगभग 45 हजार जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगां यह अभियान वर्षा जल को सहेजकर न केवल जल उपलब्धता बढ़ाएगा बल्कि भूजल स्तर को बढ़ाने में भी मददगार बनेगां श्री शर्मा कल मुंबई में आयोजित कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानी समुदाय को संबोधित कर रहे थें उन्होंने जल संचय के क्षेत्र में प्रवासी राजस्थानियों के योगदान की सराहना कीं

..............................................................................

मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाया जा चुका हैं

श्री शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी समुदाय को प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि इससे उनका कारोबार तो बढ़ेगा ही, साथ ही राज्य की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगां कार्यक्रम में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल भी मौजूद रहें

..............................................................................

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 एक मई से मुंबई में आयोजित किया जायेगां चार मई तक चलने वाले इस सम्मे्लन में भारत मंडप में देश की विरासत और वैश्विक मीडिया तथा मनोरंजन परिदृश्य के बढ़ते प्रभाव का प्रदर्शन किया जायेगां कला से कोड विषय पर आधारित इस मंडप में देश की 'वसुधैव कुटुम्बकम यानी दुनिया एक परिवार है' की भावना प्रदर्शित होगीं भारत मंडप मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के रचनाकारों, सहयोगियों और परिवर्तन करने वालों के लिए एक गतिशील मंच हैं

..............................................................................

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी 2025 के बारे में संदिग्ध दावों की रिपोर्ट के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म की शुरूआत की हैं एजेंसी ने अभ्यर्थियों को गलत काम करने और झूठे दावों के साथ परीक्षार्थियों को धोखा देने की कोशिश करने वाले बेईमान लोगों के बहकावे में न आने का परामर्श दिया हैं एजेंसी ने परीक्षार्थियों से इस तरह की भ्रामक जानकारी और इसे फैलाने वाले लोगों की रिपोर्ट 4 मई को शाम 5 बजे तक एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट पर करने का भी अनुरोध किया हैं

.................................................................................

गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए को सौंप दी हैं अब एजेंसी आतंकी हमले की घटना की औपचारिक जांच करेगीं इससे पहले एनआईए की टीम ने आतंकी हमले वाली जगह का दौरा किया थां गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम के बैसरन वन क्षेत्र में आंतकी हमले में 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गएं

.................................................................................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश में हर हाल में कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए हैं उन्होंने इसके लिए संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिला कलक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को उनके संभाग, रेंज और जिलों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा हैं वे कल जयपुर में कानून व्यवस्था को लेकर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थें पहलगाम आतंकी घटना किसी भी रूप में साम्प्रदायिक तनाव का रूप ना लें, इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता से काम करने को कहां श्री पंत ने सभी जिलों से कानून और शान्ति व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लियां श्री पंत ने सभी पुलिस थानो को नियमित सीएलजी और शान्ति समितियों की बैठक लेकर संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों, भ्रामक और सामप्रदायिक तनाव भड़काने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिएं मुख्य सचिव ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार की ओर से जारी निर्देशों की समयसीमा में पालना सुनिश्चित करने को भी कहां उधर बाडमेर में संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह और पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने सुरक्षा एजेंसियों की समीक्षा बैठक लीं इस बीच बाडमेर में कल 6 पाक नागरिको का वीजा रद्द कर उन्हें पाकिस्तान भेजा गयां

.................................................................................

हनुमानगढ में नशीले पदार्थो की तस्करी की रोकथाम को लेकर पुलिस द्वारा जीरो टोलरेंस अभियान चलाया जा रहा हैं इसके तहत कार्रवाई करते हुए कल 136 लोगों को गिरफ्तार कियां इनके पास से बडी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं और ब्योरा हमारी संवाददाता से–

.................................................................................

प्रदेश में आज हाळी अमावस्या परम्परागत रूप से मनायी जा रही हैं किसान इस पर्व में अनाज और हल की पूजा करते हैं पाली, बालोतरा और जैसलमेर में किसान इस अवसर पर अच्छी बारिश के शगुन के रूप में खेतों मे जाकर हल चलाने की रस्म अदा कर रहे हैं हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि वहां इस मौके पर खींच और गुड की गळवाणी बनायी गई हैं

.................................................................................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान टोंक, कोटा और श्रीगंगानगर जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई वहीं कई स्थानों पर तेज आंधी चलीं इससे इन इलाकों में तापमान में मामुली गिरावट दर्ज की गई हैं पाली के कुछ गांवों में अंधड़ से कई पेड उखड गयें इससे सुमेरपुर रोड़ पर यातायात अवरूद्ध हो गयां अलवर के इटेडा गांव में तेज आंधी से मकान की दीवार गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गईं कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित रहीं कोटा में चौराहो पर लगे होर्डिंग उड़ गयें तेज हवा से वाहन चालको परेशानी का सामना करना पडां

.................................................................................

उधर राज्य के पश्चिमी हिस्सों में तेज गर्मी और लू के हालात बने हुए हैं कल सबसे अधिक 43 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस तापमान बाडमेर में दर्ज हुआं आज जोधपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, कोटा, चित्तौडगढ और बारां में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया हैं वहीं जैसलमेर और बाडमेर के लिए ऑरेंज अलर्ट हैं मौसम विभाग ने आने वाले तीन–चार दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढोतरी होने की संभावना जताई हैं

.................................................................................